कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

पत्र सं0: 941 / शैक्षिक / 2022 दिनांक: 02 / 12 / 2022

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2022–23 में अध्ययनरत् तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों की विषम संख्यक सेमेस्टर की नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 13–24 दिसम्बर, 2022 के मध्य होना है। विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के बी0टेक0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि ऐसे छात्रों हेतु विषम संख्यक सेमेस्टर के नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षा के आवेदन पत्र दिनांक 03 / 12 / 2022 से विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर Student Portal (ERP) पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। समस्त छात्र वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑनलाइन दिनांक 10 / 12 / 2022 दिन शुक्रवार तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त जिन छात्रों के द्वारा शिक्षण शुल्क नहीं जमा किया गया है, ऐसे छात्र अपना शिक्षण शुल्क दिनांक 10 / 12 / 2022 तक जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि दशा में छात्रों को परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की होगी।

02.12.2022

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि :

1. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को समस्त छात्रावास में छात्रों के सूचनार्थ सूचना पट्ट पर चस्पा कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Examination Notice 2022-23 (Odd Semester) for III and IV year student" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड / प्रदर्शित कराने का कष्ट करें तथा ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया की आवश्यक निगरानी भी करें।
5. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
6. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
7. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
8. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप